तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



4

कटघोरा के मुख्य मार्ग पर बढ़ता गड्ढा बना परेशानी का सबब




## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता आज

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में माय भारत युवा कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में माय भारत कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि 27 जुलाई को नशामुक्त भारत अभियान के तहत अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में प्रातः 10 बजे से जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता युवा की उड़ान, नशा मुक्त भारत का निर्माण थीम पर आयोजित की जा रही हैं। जिला नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि माय भारत युवा कार्यक्रम के तहत नशा मुक्त भारत अभियान 2026 संचालित की जा रही हैं, जिसके अंतर्गत जिले के सभी शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों, उच्च शिक्षण संस्थानों में 22 से 25 जुलाई के मध्य आयोजित की गई।

### सांसद के प्रयास से रोड का कार्य हुआ प्रारंभ

**दीपका।** जनसंपर्क के दौरान सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत के पास पुनर्वास ग्राम गांधीनगर सिरकी के लोगों द्वारा बायपास रोड मरम्मत कराने की मांग किया था। जिसको सांसद ने तत्परता दिखाते हुए तत्कालीन महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा को लिखित पत्र देकर यह कार्य को करने तत्कालीन महाप्रबंधक संजय मिश्रा से बोला गया था और लिखित पत्र प्रेषित किया। जिसको संजय कुमार मिश्रा ने बिना देरी किए सिविल के अधिकारियों को कार्य योजना बनाने हेतु निर्देशित किया, जिसके फल स्वरुप टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह कार्य शुरू हो गया है। बता दें कि श्रमिक चौक दीपका से सिरकी मोड़ तक बायपास रोड का हालात जर्जर हो गया था और आए दिन दुर्घटना होते रहती थी जिसमें कई लोगों ने अपनी जान तक गंवाई। सांसद प्रतिनिधि एसईसीएल मुख्यालय पोषक महंत ने दूरभाष पर सांसद ज्योत्स्ना चरण दास महंत को जानकारी दिया, जिस पर सांसद ने तत्कालीन महाप्रबंधक संजय मिश्रा को बधाई प्रेषित किया है।

### कटघोरा विधायक ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी भिलाई बाजार मंडल कार्यालय रलिया में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, शौर्य एवं राष्ट्रभक्ति को प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार राठौर, रघुराज सिंह उईके, महामंत्री हेमन्त तिवारी सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रक में निकला अजगर, रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ा

**कोरबा।** कोरबा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले कुदमुरा कुदमुरा परिक्षेत्र सहायक वृत्त के अंतर्गत आने वाले कलमीटिकरा एवं जिलगा के परिसर प्रभारी बीट गार्ड नवीन यादव द्वारा अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। ग्राम जिलगा से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड कंपनी के परिसर में खड़े एक बड़े ट्रक के निचले हिस्से में एक अजगर छिपा हुआ बैठा था। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा ट्रक में अजगर देखे जाने की सूचना तत्काल परिसर प्रभारी नवीन यादव को दी गई। सूचना मिलते ही बीट गार्ड नवीन यादव बिना समय गंवाए मौके पर पहुँचे और अजगर का सफल एवं सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के उपरांत नियमानुसार अजगर को उसके प्राकृतिक आवास जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

# भवन के अभाव में पंचायत सचिव के आवास में चल रहा आंगनबाड़ी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

करतला विकासखंड अंतर्गत आने वाले कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां शासकीय भवनों में ही शासकीय कर्मियों के द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा कर निवास किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला पंचायत सचिव भवन का सामने आया है। जिसमें एक शिक्षिका का कब्जा होने के साथ आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन भी किया जा रहा है।

भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए डीएमएफ से राशि जारी होने के बावजूद भवनों का निर्माण नहीं होने के कारण व्यवस्था के तहत केन्द्रों का संचालन हो रहा है। लेकिन अनाधिकृत रूप से उन शासकीय भवनों में अन्य लोगों के द्वारा कब्जा किए जाने से भवन का उपयोग नहीं होने के भी मामले सामने आए हैं। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत नोनदरहा में दो कमरे के सचिव आवास सह कार्यालय का निर्माण किया गया है जिसमें एक कमरे में आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन हो रहा है और दूसरे कमरे में शिक्षिका ने अपना निवास स्थान बनाया है। आंगनबाड़ी में 25 बच्चों के नाम दर्ज हैं जो एक कमरे में ही बैठते हैं। बताया जाता है कि नोनदरहा में पिछले 17 वर्षों से आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन किया जा रहा है लेकिन भवन अब तक नसीब नहीं हो सका है। पंचायत के सचिव के उपर अपने भवन को किराए में देने का आरोप भी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगाया गया है। इस संबंध में पंचायत के सचिव दिगंबर साहू से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका था।

**भवन के कमरे में शिक्षिका ने जमाया है डेरा**

**खास बातें**

- पंचायत के द्वारा भी नहीं की गई है पहल
- डीएमएफ से भी नये भवन के निर्माण हेतु नहीं बना प्रस्ताव




## 51 हाथी डेरा डाले हैं कटघोरा वन मंडल में

# बंजारी गांव में घुसा लोनर हाथी, वन विभाग की तत्परता से टला बड़ा हादसा, 5 ग्रामीणों को किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल के एतमा नगर रेंज स्थित ग्राम बंजारी में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक लोनर हाथी अचानक बस्ती में आ घुसा। हाथी के अचानक गांव में प्रवेश करने से ग्रामीणों की सांसें अटक गईं और जान पर बन आई थी। वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने गजब की मुस्तैदी दिखाते हुए एक बड़ा हादसा होने से टाल दिया। वन विभाग की टीम ने सायरन बजाकर हाथी को खदेड़ा और 5 ग्रामीणों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। हालांकि एक दंतैल हाथी ने मकान को तोड़ दिया तो वहीं दूसरी ओर एक स्कूल के दरवाजे को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है।

बताया जाता है कि कटघोरा वन मंडल में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है और लगातार क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। बताया जाता है कि हाथी एतमानगर रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम बंजारी के भारापारा में शनिवार की रात लगभग 9.30 बजे दंतैल हाथी बस्ती में घुस गया था। हाथी के बस्ती में घुसते ही लोक सख्ते में आ गए थे लेकिन कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देश पर अलर्ट मोड पर चल रही वन विभाग की रेस्क्यू टीम बिना कोई वक्त गंवाए तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सायरन और हूटर बजाकर हाथी को बस्ती से दूर खदेड़ दिया। एक मकान में लगभग 4 से 5 लोग फंसे हुए हैं। रेस्क्यू टीम ने सूझबूझ से फंसे हुए सभी ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। हालांकि, बस्ती में मौजूदगी के दौरान ⏭ शेष पेज 3 पर



दंतैल हाथी।



ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

# सर्पदंश से युवक की मौत युवती की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैतमा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ईरफ में एक ज़हरीले सांप के डसने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ सो रही युवती को भी सर्प ने डस लिया है जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम इरफ के निवासी विजय कुमार पिता बुधवार राम अपनी एक परिचित बलौदाबाजार निवासी युवती नंदकुमारी धनवार के साथ अपने रिश्तेदार के घर पहाड़गांव पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम केरामुड़ा गए हुए थे। रात में खाना खाने के बाद दोनों घर में ज़मीन पर सोए हुए थे। इसी दौरान एक ज़हरीले सांप ने दोनों को डस लिया। सर्पदंश के कुछ ही देर में विजय कुमार की स्थिति बिगड़ने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की भनक लगते ही परिजनों में ⏭ शेष पेज 3 पर

### खाट पर सो रही 2 वर्षीय मासूम की सर्पदंश से मौत

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंजना में खाट पर सो रही दो वर्षीय मासूम बच्ची की जहरीले साँप के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम रंजना निवासी बुंदराम विश्वकर्मा की दो वर्षीय पुत्री सुभाषी विश्वकर्मा अपनी माँ के साथ घर में खाट पर सोई हुई थी। इसी दौरान अचानक एक जहरीले साँप सो रही मासूम को डस लिया। बच्ची के रोने और छटपटाने पर परिजनों को घटना का पता चला, आनन फानन में परिजनों ने सुभाषी को तत्काल मेडिकल अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

# बेखौफ बदमाशों का तांडव, सो रही महिला को उतरा मौत के घाट, फिर पुत्र पर किया जानलेवा हमला



मृत महिला।



उक्त स्थान हुई जहां घटना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ईरफ के शनिवार की रात अज्ञात हमलावरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एक घर में घुसकर खूनी वारदात को अंजाम दिया। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, वहीं चीख पुकार सुनकर पकड़े जाने के भय से भाग रहे हमलावरों ने घायल युवक की 65 वर्षीय वृद्धा की हत्या कर मौके से फरार हो गए हैं। हत्या की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्यवाही कर हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।

मामला पाली थाना क्षेत्र के चैतमा चौकी के ग्राम पंचायत ईरफ के मोहल्ला हर्राडीह में घटित हुई है। बताया जाता है कि शनिवार की रात लगभग 11 बजे अज्ञात बदमाशों ने घर मे सो रही समारीन बाई 65 वर्ष पति स्व सुकुल राम पर धारधार हथियार से मौत के घाट उतार दिया। फिर भागते समय हमलावरों ने समारीन बाई के झाले से लगभग सौ मीटर दूर निवास करने वाले उसे पुत्र चैतराम पर जानलेवा हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी अपनी टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने वारदात स्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। मामले में वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद मृतका के शव को पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। वहीं गंभीर रूप से घायल चैतराम को तत्काल उपचार के लिए कटघोरा स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हत्या किसने और किस वजह से की है, इसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पाली थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश और जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- चैतमा चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत ईरफ के हर्राडीह में हुई वारदात

# बारिश से जलभराव, जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में रविवार दोपहर अचानक हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर शहर के ड्रेनेज सिस्टम और प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोल दी है। कुछ ही मिनटों की तेज बारिश से शहर की प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं और देखते ही देखते दरिया या नाले का रूप ले लें। सड़कों पर भारी मात्रा में पानी भर जाने से आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया।

रविवार दोपहर अचानक घिरे बादलों के बाद जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश इतनी तेज थी कि शहर के निचले इलाकों और मुख्य मार्गों पर पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण जलभराव की गंभीर स्थिति बन गई। सड़कों पर पानी लबालब भर जाने के कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई दोपहिया वाहन चालकों को बीच रास्ते में ही पानी भरने के कारण अपनी गाड़ियां बंद होने की समस्या से जूझना पड़ा। कई लोगों को मजबूरन सुरक्षित स्थानों पर रुककर बारिश थमने का इंतजार करना पड़ा। प्रमुख चौराहों और मार्गों पर पानी भरने के चलते वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी हो गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार जिले में मानसून सक्रिय है और अगले कुछ घंटों तक कोरबा व आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। खराब मौसम और जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन ने नागरिकों से अपील की है कि वे बेहद आवश्यक होने पर ही अपने घरों से बाहर निकलें। सफर के दौरान पूरी सावधानी बरतें और जलभराव वाले पुराने या जोखिम भरे रास्तों से गुजरने से बचें।

**खास बात**

- मौसम विभाग का अलर्ट जारी




## खबर संक्षेप

### अरपा नदी में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** अरपा नदी में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस पहचान कार्रवाई में लग गई है। कोनी टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, 26 जुलाई को दोपहर में ग्राम सेंदरी के ग्रामीणों ने अरपा नदी के बीच में एक युवक की लाश देखी। नदी में लाश देखने लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस नदी पहुंचकर आसपास के लोगों को तलब कर पहचान कराने की कोशिश की किन्तु पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र 30 साल बताई जा रही है। लाश एक दो दिन पुरानी व पानी के बहाव में बहकर आने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस शव मरच्यूरी में रखवाकर पहचान कार्रवाई में लग गई है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### छज्जे में छिपा अनाचार का आरोपी, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** घर के बाहर पुलिस को देखकर फरार अनाचार का आरोपी छज्जे में चढ़कर छिप गया। पुलिस ने उसे पकड़कर थाने लेकर गई और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को सरगांव निवासी अमन यादव उर्फ राजा पिता जितेन्द्र यादव 26 साल प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने का झांसा देकर अनाचार करता रहा। उसके बाद युवक ने दूसरी लड़की से शादी कर ली और पीड़िता के साथ गाली गलौज कर शादी करने से इनकार कर दिया। 2 मई 2026 को पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। उसके बाद से आरोपी लगातार फरार था। मुखबिर की सूचना पर एएसआई अजय चौरसिया बल के साथ आरोपी के घर गई तो आरोपी उन्हें देखकर अंदर छज्जे में चढ़कर छिप गया। घरवाले पुलिस को उसके घर में नहीं होने की बात कहकर गुमराह कर रहे थे। पुलिस ने घर के अंदर जाकर खोजबीन की तो आरोपी छज्जे में छिपा हुआ मिला। पुलिस उसे पकड़कर थाने लेकर आई और बीएनएस की धारा 69, 296 के तहत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पुरानी रंजिश में दो गुटों के बीच चला चाकू

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में दो गुटों के बीच जमकर विवाद हो गया। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया है। घायल दो युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, 26 जुलाई की रात 9 बजे सिरगिट्टी कोरमी रोड मैटिक चौक पर पुरानी रंजिश को लेकर नरेन्द्र यादव व सुनील निर्मलकर के बीच नशे में विवाद हो गया। दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ गाली गलौज करते हुए हाथा पाई करने लगे। इसी बीच दोनों गुटों ने चाकू निकालकर एक दूसरे पर हमला करना शुरू कर दिया। बीच चौक पर चाकूबाजी की वारदात होने से हड़कंप मच गया। लोगों ने चाकूबाजी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल नरेन्द्र यादव, सुनील निर्मलकर को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालकर हमलावरों की पहचान करने में लगी हुई है।

**पुरानी बिल्डिंग होने का खामियाजा**

**रेडियोलॉजी में भी आ रहा है सीपेज, घोषणा होने के बाद भी कोनी में सिम्स अस्पताल बनाने का दावा नहीं हो रहा पूरा**

# सिम्स की छत का प्लास्टर गिरा, सुरक्षा के लिए प्रबंधन ने रोका मरीजों का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

60 साल पुराने सिम्स की बिल्डिंग की हालत बारिश के दिनों में खराब हो जाती है, सिम्स के थर्ड फ्लोर में बारिश के कारण छत का प्लास्टर गिरने लगा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। प्रबंधन ने दुर्घटना रोकने के लिए यहां जाना प्रतिबंधित कर दिया है। वहीं पीडब्ल्यूडी को इसकी मरम्मत के लिए पत्र लिखा है।

सिम्स के थर्ड फ्लोर में बने मेल सर्जिकल वार्ड 1 के बाहर छत का प्लास्टर गिरने लगा है। सालों पुरानी बिल्डिंग में पूरी तरह से सीपेज है, जिसके चलते मरीज और डाक्टरों का जीवन दांव पर लग रहा है, हालांकि प्रबंधन का कहना है कि यहां जाना बंद कराया गया है लेकिन अभी भी मरीज यहां से आ रहे है। दरअसल यह 60 साल पुरानी बिल्डिंग पर बनाया गया वार्ड है, जहां रोजाना मरीज भर्ती किए जाते है। यह हिस्सा पुरानी और नई बिल्डिंग से जुड़ता है। प्रबंधन ने सर्जिकल वार्ड जाने के लिए लोगों को लिफ्ट की सुविधा दी है, इसके बावजूद लोगों को आना जाना इस जगह से लगा रहता है। प्रबंधन ने बांस के सहारे रास्ता रोकने की कोशिश की है जो पूरी तरह से नाकाम हो चुकी है। मरीजों के कपड़े अब इस बांस में सूख रहे हैं।



सिम्स प्रबंधन ने दुर्घटना रोकने आने जाने पर लगाई प्रतिबंध।

### नई बिल्डिंग टेंडर प्रक्रियाओं में अटकी

खास बात यह है कि कोनी में सिम्स अस्पताल बनाने का दावा कागजों से बाहर नहीं आ रहा है। पिछले 3 सालों से घोषणा हो चुकी है। सिम्स प्रबंधन ने इसके लिए एजेंसी भी चुन लिया है, लेकिन निर्माण की प्रक्रिया टेंडरों के बीच झुल रही है। वहीं दूसरी ओर सिम्स अस्पताल में मरीजों का दबाव समय के साथ बढ़ चुका है, जिसे संभाल पाना प्रबंधन के लिए काफी मुश्किल हो रहा है।



### रेडियोलॉजी विभाग तक पहुंचा सीपेज

पिछले 1 हफ्ते से हो रही बारिश का असर सिम्स अस्पताल में देखा जा सकता है। कई जगहों पर सीपेज आने की समस्या बन रही है। शनिवार को भी रेडियोलॉजी विभाग के एक्सरे रूम के बाहर छत से पानी टकपकता रहा, इस दौरान पानी से बचते मरीज आते जाते रहे है। यहां पहले भी छत से पानी टकपटने की नौबत आती रही है, कुछ साल पहले ट्रीटमेंट कराया गया था लेकिन समय के साथ एक बार फिर परेशानी बढ़ चुकी है।

### आना जाना बंद कराया गया है

थर्ड फ्लोर का हिस्सा पुरानी बिल्डिंग का है, हमें जैसे ही पता चला वहां से मरीजों का आना जाना बंद कराया गया है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा गया है और सुधार करने के लिए कहा गया है।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

**400 से अधिक मकान बनने के बाद भी है यह हालत**

# परिवार के साथ कंडम व जर्जर क्वार्टर में रह रहे 100 से अधिक पुलिसकर्मी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस विभाग ने करोड़ों रुपए खर्च कर ईदगाह चौक, तिफरा पुलिस लाइन में 400 से अधिक मकानों का निर्माण कराया है, उसके बाद भी पुलिस अमला मकान की समस्या से जूझ रहा है। हालत यह है कि भरी बरसात में 100 से अधिक पुलिसवाले परिवार सहित जर्जर कंडम में मकानों में छत में तिरपाल लगाकर रह रहे हैं।

पिछले कुछ सालों से पुलिस विभाग पुलिसकर्मियों के लिए नए मकान बनाने प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेज रहा है। पूर्व में ईदगाह चौक में 123 व तिफरा पुलिस लाइन सब्जी मंडी के सामने अधिकारी व कर्मचारियों के लिए 264 पुलिस क्वार्टर बनाए गए हैं। उसके बाद भी पुलिस विभाग में कमी बनी हुई है। आलम यह है केन्द्रीय जेल के सामने पुलिस लाइन में करीब 50 व तिफरा पुलिस लाइन में 60 पुलिसकर्मी परिवार के साथ कंडम, जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं। बारिश से बचने के लिए सभी मकानों की छत में तिरपाल व दीवार गिरने की स्थिति में लकड़ी का टेका लगाया गया है।





### जहरीले जंतु का डर

दिन रात लोगों की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान जर्जर मकान में रहने वाले परिवार की चिंता सताती रहती है। सर्वाधिक परेशानी बारिश के मौसम में होती है। नाली की साफ सफाई नहीं होने से बारिश होने पर नाली का पानी घर के अंदर घुस जाता है। इसके अलावा समय समय पर जहरीले जंतु घर में घुस जाते हैं।

### पानी की समस्या

ईदगाह चौक पुलिस लाइन के अंदर एक मोटर पंप लगा हुआ है। उक्त मोटर पंप से नए व पुराने मकानों में पानी की सप्लाई की जाती है। मकान की संख्या अधिक होने से समय समय पर मोटर पंप खराब हो जाता है। उसके बाद उसे सुधारने कोई प्रयास नहीं किया जाता है। जिससे नगर निगम से टेंकर मंगाकर पानी की पूर्ती की जाती है।

### पोस्टआफिस के सामने 24 परिवार

मेन पोस्टआफिस के सामने पुलिस विभाग के 24 क्वार्टर हैं। वर्षों पुराने जर्जर भवन में पुलिसकर्मी जुगाड़ बनाकर किसी तरह रह रहे हैं। शहर के बीच जमीन होने के भी विभाग उक्त जर्जर मकानों को तोड़कर नया मकान बनाने कोई पहल नहीं की जा रही है।

### 108 नए पुलिस क्वार्टर बनेंगे

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 1000 नए पुलिस क्वार्टर बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय भेजा गया था। 108 नए पुलिस क्वार्टर बनाने की स्वीकृत मिल गई है। पुलिस हाउसिंग बोर्ड के द्वारा नए मकान बनाने के लिए सर्वे किया जाएगा। ईदगाह चौक व तिफरा पुलिस लाइन के जर्जर मकानों को तोड़कर नए मकान बनाने का विचार किया जा रहा है।

**-भूपेन्द्र गुप्ता**, आरआई

# 7 बच्चों के साथ एसपी आफिस में दंपती ने दिया धरना, फिर दर्ज की गई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बीती रात जमीन विवाद के मामले में 7 बच्चों के साथ दंपती ने एसपी आफिस में धरना दे दिया। डेढ़ घंटे बाद एएसपी ने समझाइश देकर उन्हें चकरभाठा थाने भेजा, उसके बाद उनकी शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया।

चकरभाठा थाना क्षेत्र के ग्राम सेवार शांतिनगर निवासी लता मेरसा पति मुकेश मेरसा 35 साल के पूर्वजों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर घर बनाया है। उसमें वे अपने पति व 7 बच्चों के साथ रहती हैं। घर के बाजू में तालाब किनारे जमीन में घर बनवाने के लिए उनके पति मुकेश मेरसा ईंट , टीन मंगवाकर रखा था। 25 जुलाई की शाम 7.30 बजे दो मोटर साइकिल से राजकुमार मोहले एवं उनके परिवार के लोग उनके घर के पास आकर उक्त जमीन पर अपना पुराना कब्जा बताकर सामान हटाने की बात कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। श्रीमती मेरसा ने बाइक की चाबी निकाल ली तो राजकुमार ने उनके हाथ से चाबी छीन ली। पीड़िता परिवार के साथ रिपोर्ट लिखाने चकरभाठा थाना गई। पुलिसकर्मी उनसे पूछताछ कर रहे थे। इसी दौरान दूसरा पक्ष भी रिपोर्ट लिखाने थाने आ गया। दूसरे पक्ष को देखकर दंपती अपने 7 बच्चों को लेकर थाने से निकल गई और सीधे एसपी आफिस आकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एफआईआर लिखने की मांग करते हुए धरने में बैठ गई।

डेढ़ घण्टे तक दंपती बच्चों के साथ धरने में बैठी हुई थी। जानकारी होने पर एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल, सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट एसपी आफिस जाकर दंपती को कार्रवाई होने का आश्वासन देकर पुलिस की गाड़ी से चकरभाठा थाने भेजा। उसके बाद चकरभाठा पुलिस ने लता मेरसा की रिपोर्ट पर राजकुमार मोहले के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### दूसरे पक्ष को देखकर चली गई

सरकारी जमीन पर कब्जा को लेकर विवाद हुआ था। दंपती रिपोर्ट लिखाने थाने आए थे। दूसरे पक्ष के लोगों के थाने में रिपोर्ट लिखाने आने पर वे एसपी आफिस चले गए थे। महिला की रिपोर्ट पर दूसरे पक्ष के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

**-भावेश शेंडे**, चकरभाठा टीआई

### नाले का चेंबर फूटा आवागमन बाधित

**बिलासपुर।** बृहस्पति बाजार से चाटापारा जाने वाले मार्ग पर नाले का चेंबर फूटने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। बृहस्पति बाजार न केवल सब्जी के लिए, बल्कि फलों के लिए भी शहर का एक बड़ा बाजार है। शहर के बीच होने के कारण यहां खरीदारों की बड़ी संख्या पहुंचती है। ऐसे में वाहनों के एकाएक बढ़ने से उस स्थान पर लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। नगर निगम के द्वारा चेंबर को ठीक करने में की जा रही लेटलतीफी समझ से परे है।

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को 20 साल कैद

अंबिकापुर। नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भवती करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को अलग अलग धाराओं में अधिकतम 20 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थ दंड से दंडित किया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीया नालाबिग 20 जुलाई 2022 को घर से कापी किताब लेने की बात कहकर घर से निकली थी और अपने भाई को बताकर बस में बैठकर अंबिकापुर आ गई थी।

## सिरगिट्टी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 10 बदमाश गिरफ्तार




**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र में अशांती फैलाने वाले 10 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस लगाकर अड्डाबाजी कर नशाखोरी करने वालों पर कार्रवाई करने में लगी हुई है।

26 जुलाई को सिरगिट्टी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आकाश चौधरी ने बल के साथ क्षेत्र में अड्डाबाजी कर नशाखोरी करने वाले ठिकानो में दबिश दी। नशाखोरी कर अशांती फैलाने वाले दीपक साहू नयापारा, दुर्गाशंकर साहू नयापारा, जितेन्द्र साहू लवन बलौदाबाजार, डी बालकमण्ष महिला नगर, शुभम श्रीवास सिरगिट्टी, अमन चौधरी सिरगिट्टी, अमित साहू नयापारा, पराग उइके मगरपारा, अगस्टीन जायसवाल मगरपारा, शुभम नागदौने मगरपारा निवासी को पकड़कर कान पकड़कर उठक बैठक कराते हुए जुलूस निकालकर थाने लाया गया। सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र के गुण्डा बदमाश व नशाखोरी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## मरीमाई मंदिर रोड में चलना हुआ दूर्भर, सड़क बेहद खराब



**बिलासपुर।** मगरपारा चौक से मैग्नेटो मॉल के बीच स्थित मरीमाई मंदिर वाली सड़क बेहद खस्ताहाल स्थिति में है। यहां सड़क लगभग है ही नहीं। सड़क पर बारिश के दौरान भरने वाले पानी के कारण आवागमन करने वालों को भारी परेशानी हो रही है। पानी भरे रहने के कारण गहराई का अनुमान नहीं लग पा रहा है, जिससे वाहन चालकों को दुर्घटनाग्रस्त होना पड़ रहा है। वार्डवासियों के अनुसार सड़क का निर्माण काफी पहले कराया गया था, लेकिन नया निर्माण तो दूर सुधार तक नहीं कराया जा रहा है। सड़क पर बने गड्ढों पर मुरूम या गिट्टी डालकर आवागमन के लायक बनाने की मांग भी की जा चुकी है, लेकिन आज दिनांक तक किसी भी तरह का सुधार नहीं किया गया है।

**दुर्घटनाओं और आवागमन में हो रही परेशानी से राहत के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग**

# बारिश में जलभराव, बड़े-बड़े गड्ढे इसमें गिरकर लोग हो रहे घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में शामिल होने के 8 साल बाद भी आउटर के अधिकांश क्षेत्र सड़क, पानी, बिजली के लिए तरस रहे हैं और परेशान हो रहें हैं।बजट की स्वीकृति होने के बाद भी अधिकारियों की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है।

सकरी के साथ ही घुरू अमेरी, मोपका, सिरगिट्टी और तिफरा के लोग लगातार निगम और प्रशासन में ज्ञापन देकर थक चुके हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।यहां तक की मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन तक में लोग गुहार लगा चुके हैं लेकिन परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। मोपका क्षेत्र की सिटी पार्क कॉलोनी और घुरू अमेरी स्थित गोकुलधाम कालोनियों के निवासियों ने नगर विधायक, कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर और जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर सड़कों की बदहाली के कारण हो रही दुर्घटनाओं और आवागमन में हो रही परेशानी से राहत के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।



### बड़ी कालोनियों की बसाहट भी हो गई

गोकुलधाम में दो बड़ी कालोनियों की बसाहट भी हो गई है। इसमें नारायणी होम और गोकुलपार्क कालोनी में हजारों लोग रह रहे हैं लेकिन विकास के लिए निगम की कोई कार्ययोजना नहीं बन सकी है। लोगों के मुताबिक नगर के विस्तार के दौरान वादा किया गया था कि गोकुलधाम का तेजी से विकास होगा लेकिन 8 सालों से यहां रह रहे लोगों को समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। बरसात आते ही यह सडक नाले एवं किचड में तब्दील हो गई है।

## सड़क के ऊपर डिवाईडर चिपकाने की कलाकारी

**बिलासपुर।** तेलीपारा मेनरोड में इन दिनों डिवाईडर निर्माण का काम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पुराने कॉलम व सड़क की गहराई में बनाए गए पुराने डिवाईडर को तोड़कर नया डिवाईडर बनाया जा रहा है। नए डिवाईडर की ढलाई से पहले किसी भी तरह की गहराई नहीं की जा रही है, बल्कि केवल सड़क के ऊपर लोहे की जाल रखकर ढलाई कर दी जा रही है।

तेलीपारा मेनरोड में इन दिनों नई तकनीक से रोड डिवाईडर बनाने का काम चल रहा है। पुराने बस स्टैण्ड चौक से लेकर तेलीपारा मेनरोड पर काफी पहले सड़क पर गड्ढा खोदकर गहराई तक ढाले गए मजबूत डिवाईडर को तोड़कर सड़क के ऊपर ही ऊपर नए डिवाईडर की ढलाई की जा रही है, तो किसी हल्के वाहन की टक्कर से भी आसानी से क्षतिग्रस्त हो जाएगी।


तेलीपारा में बनाया जा रहा डिवाइडर।

## खबर संक्षेप



### संस्कार और सेवा से ही राष्ट्र निर्माण का स्वर्णिम भविष्य बनता है : कन्हैया

**पाली।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन दिया कोरबा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बक्साही एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनगाडीह में डिवाइन वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। कार्यशालाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशा मुक्ति, चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, नारी जागरण, भारतीय संस्कृति तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बक्साही में दो पृथक सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में विद्यालय के सभी छात्र तथा द्वितीय सत्र में सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से कार्यशाला में भाग लेते हुए श्रेष्ठ जीवन, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया, जबकि 30 विद्यार्थियों ने मांसाहार का त्याग करने का प्रेरणादायी निर्णय लिया। सभी विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने, समय का सदुपयोग करने, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा राष्ट्र के आदर्श नागरिक बनने का भी सामूहिक संकल्प लिया। इसके पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनगाडीह, विकासखंड पाली में आयोजित डिवाइन वर्कशॉप में लगभग 200 विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति, सदाचार एवं संस्कारित जीवन अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में दिया कोरबा के जिला संयोजक विजेंद्र यादव ने शिक्षा और विद्या के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि विद्या मनुष्य के चरित्र, संस्कार और व्यक्तित्व का निर्माण करती है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा में संकुल स्तरीय योग प्रतियोगिता का सफल समापन



**कोरबा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा में आयोजित बिलासपुर संकुल स्तरीय योग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में बिलासपुर संकुल के विभिन्न जवाहर नवोदय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग की विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय बिलासपुर से 18, सूरजपुर से 15, सक्ती से 13, बलौदा बाजार से 5, सरगुजा से 10, मुंगेली से 5, कबीरधाम से 16, बेमेतरा से 12, कोरिया से 15 तथा कोरबा से 17 छात्र-छात्राओं सहित कुल 126 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर 30 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का चयन क्षेत्रीय स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित विद्यार्थी 27, 28 एवं 29 जुलाई को ओडिशा के जवाहर नवोदय विद्यालय, नयागढ़ में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय योग प्रतियोगिता में बिलासपुर संकुल का प्रतिनिधित्व करेंगे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य जानकी प्रसाद गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों, एस्कॉर्ट शिक्षकों, निर्णायकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## 15-20 मिनट की धीमी सप्लाई से वार्डवासी परेशान

# कटघोरा नगर पालिका में पेयजल के लिए त्राहिमाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में पिछले लगभग एक माह से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। नगर के अधिकांश वार्डों में पानी की अनियमित आपूर्ति के कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। लगातार बनी इस समस्या को लेकर नगरवासियों में नगर पालिका प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

नगर के विभिन्न वार्डों में पानी की किल्लत की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं लेकिन वार्ड क्रमांक 9 तिलक नगर की स्थिति सबसे अधिक गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई दिनों तक पानी की सप्लाई नहीं होती और यदि पानी आता भी है तो केवल 15 से 20 मिनट के लिए ही आपूर्ति की जाती है। इतना ही नहीं, पानी का दबाव इतना कम रहता है कि अधिकांश परिवार केवल दो से चार बाल्टी पानी ही भर पाते हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जिन घरों में पानी की टंकियां लगी हुई हैं, उनमें पानी पहुंच ही नहीं पाता। नतीजतन लोगों को घरेलू कार्यों, पीने के पानी और अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का मौसम होने के बावजूद नगर में पेयजल संकट ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जब वे इस समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क करते हैं तो उन्हें हर बार अलग-अलग कारण बताए जाते हैं। कभी अधिकारियों द्वारा यह कहा जाता है कि पानी की सप्लाई नियमित रूप से की जा रही है, तो कभी आमाखोखरा स्थित वाटर प्लांट में बिजली नहीं होने, मोटर खराब होने या तकनीकी खराबी का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है। वहीं, वार्डवासियों का यह भी कहना है कि उनकी शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि संबंधित वार्ड के पार्षदों द्वारा भी इस मुद्दे पर प्रभावी पहल नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी और बढ़ती जा रही है। नगरवासियों का कहना है कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना नगर पालिका परिषद की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि बारिश के मौसम में भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, तो इससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली और जिम्मेदार अधिकारियों की सक्रियता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। अब क्षेत्र के नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से शीघ्र व्यवस्था सुधारने, नियमित और पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा पेयजल संकट का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए भी मजबूर होंगे।




## चार दिन बाद बहाल हुई सप्लाई, नलों से निकला कोयला मिश्रित मटमैला पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


एसईसीएल की नेहरू नगर कुसमुंडा कॉलोनी में पिछले चार दिनों से पानी सप्लाई पाइपलाइन फटने के कारण पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। लंबे इंतजार के बाद पाइपलाइन की

**खास बात**

- एसईसीएल की नेहरूनगर कुसमुंडा कालोनी का मामला

मरम्मत कर जलापूर्ति तो बहाल कर दी गई, लेकिन राहत मिलने के बजाय कॉलोनीवासियों की परेशानी और बढ़ गई। लोगों के घरों में कोयले की धूल से युक्त, मटमैला, कीचड़ भरा और बदबूदार पानी पहुंच रहा है। इससे खदान श्रमिकों और उनके परिवारों में आक्रोश व्याप्त है।

लगातार हो रही बारिश के बीच दूषित पानी की आपूर्ति ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि नलों से निकल रहे पानी में कोयले के महीन कण, मिट्टी और गंदगी साफ दिखाई दे रही है। इस पानी का उपयोग पीने, खाना बनाने या घरेलू कार्यों के लिए करना स्वास्थ्य के लिए बेहद जोखिम भरा है। सबसे अधिक खतरा बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों पर मंडरा रहा है। पेट दर्द, उल्टी-दस्त, त्वचा संक्रमण और जलजनित बीमारियों के फैलने की आशंका लगातार बढ़ रही है। यदि जल्द स्थिति नहीं सुधरी तो कॉलोनियों में महामारी जैसी स्थिति बनने से इनकार नहीं किया जा सकता। कॉलोनीवासियों और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों का आरोप है कि एसईसीएल के केंद्रीय फिल्टर प्लांट की नियमित साफ-सफाई और रखरखाव पूरी तरह लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। जानकारी के अनुसार फिल्टर प्लांट की सफाई का टेंडर जून माह में ही समाप्त हो चुका था, लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा समय पर सफाई नहीं कराई गई। बारिश शुरू होने से पहले फिल्टर प्लांट का आवश्यक मेंटेनेंस और तकनीकी जांच भी नहीं की गई, जिसका खामियाजा अब हजारों परिवार भुगत रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी को शुद्ध करने के लिए आवश्यक केमिकल, फिटकरी और क्लोरीन का निर्धारित मात्रा में उपयोग नहीं किया जा रहा है। इसके कारण नदी का मटमैला और दूषित पानी बिना पर्याप्त शोधन के सीधे लोगों के घरों की टंकियों तक पहुंच रहा है। इससे फिल्टर प्लांट की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों और कॉलोनीवासियों का आरोप है कि एसईसीएल का केंद्रीय फिल्टर प्लांट केवल औपचारिकता निभाने के लिए संचालित किया जा रहा है। यदि प्लांट पूरी क्षमता और मानकों के अनुरूप कार्य कर रहा होता तो लोगों के घरों तक इस तरह का गंदा और बदबूदार पानी नहीं पहुंचता। उनका कहना है कि फिल्टर प्लांट में आवश्यक रसायनों का सही अनुपात में उपयोग नहीं होने के कारण पूरी जल शोधन व्यवस्था सवालों के घेरे में है। कॉलोनीवासियों ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि दूषित जलापूर्ति को तत्काल बंद कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही केंद्रीय फिल्टर प्लांट की तकनीकी जांच कराई जाए, पाइपलाइन और जलशोधन व्यवस्था का समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार की जवाबदेही तय की जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।



## उद्योग मंत्री ने जैन स्वाध्याय भवन के जीर्णोद्धार कार्य का किया लोकार्पण



फीता काटकर शुभारंभ करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने रविवार को बुधवारी जैन मंदिर परिसर स्थित जैन स्वाध्याय भवन जीर्णोद्धार कार्य का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने किया।

लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जैन मिलन समिति एवं जैन समाज के सभी प्रबुद्धजनों का आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव प्राप्त होता रहा है। आप सभी के माध्यम से भवन के जीर्णोद्धार कार्य हेतु मांग की गई थी। भगवान महावीर के आशीर्वाद एवं आप सभी के स्नेह का ही परिणाम है की इस भवन के जीर्णोद्धार हेतु सीएसआर मद से तत्काल स्वीकृति दिलाई गई और आज भव्य भवन आप सभी समाज के स्नेहिल बंधुवो को समर्पित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शहर का तेज गति से विकास हो रहा है। विशेषकर सभी समाज के मांग अनुरुप सामाजिक विकास आज नए आयाम की ओर बढ़ रहा है। अब तक 56 समाजिक विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाई कर प्रारम्भ कराकर तेजी से पूर्ण कराए जा रहे है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन, जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, एल्डरमैन ईश्वर साहू, सुधीर जैन, डॉ प्रिंस जैन, प्रकाश जैन, सोनू जैन, मुकुल जैन, अशोक जैन, प्रमोद जैन, आशीष जैन, पारस जैन, मनीष जैन सहित अधिक संख्या में समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि सुशासन की सरकार मे कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के नेतृत्व में शहर विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। हर मद का उपयोग समाज एवं शहरवासियों के मांग अनुरूप प्रारंभ के साथ पूर्ण भी हो रहे हैं। जिसका लाभ आज सभी वर्ग को मिल रहा है।

## मुक्तिधाम की बाउंड्रीवाल तोड़ी, आरसीसी सड़क को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5 नवागांव में शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण का मामला सामने आया है। नगर के भीतर और राजस्व

**खास बात**

- राखड़ पटिंग के नाम पर सरकारी भूमि पर कब्जे का प्रयास

विभाग की निगरानी के बीच एक बड़े रकबे की सरकारी जमीन पर कब्जे की कोशिश किए जाने के आरोप लग रहे हैं। बताया जा रहा है कि नवागांव स्थित मुक्तिधाम के समीप स्थित शासकीय भूमि पर राखड़ पटिंग के नाम पर लगातार काम कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार उक्त भूमि पर पास के एक व्यक्ति द्वारा राखड़ पटिंग कराकर जमीन को समतल करने का कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि इस प्रक्रिया के दौरान राखड़ परिवहन में लगे ट्रेलर चालक ने लापरवाही बरतते हुए मुक्तिधाम की बाउंड्रीवाल के एक हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके साथ ही मुक्तिधाम के समीप निर्मित आरसीसी सड़क के कुछ हिस्सों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। साथ ही पास खेतों में भी यह राझड बह कर जा रहा है जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर शासकीय भूमि पर बिना अनुमति के इस तरह का कार्य कैसे संचालित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि भूमि सरकारी है तो वहां राखड़ पटिंग और निर्माण गतिविधियों की अनुमति किस आधार पर दी गई? वहीं, यदि किसी विभाग द्वारा अनुमति नहीं दी गई है तो खुलेआम चल रहे इस कार्य पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

मामले को लेकर जब कटघोरा के पटवारी संदीप पांडेय से उक्त भूमि की जानकारी ली गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि जिस जमीन पर राखड़ पटिंग का कार्य किया जा रहा है, वह शासकीय भूमि है। वहीं, जब नगर पालिका परिषद कटघोरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एमपी तिवारी से इस संबंध में जानकारी ली गई कि क्या नगर पालिका द्वारा उक्त भूमि पर राखड़ पटिंग के लिए कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है, तो सीएमओ ने किसी भी प्रकार की जारी करने से इनकार कर दिया। ऐसे में सवाल उठता है कि जब भूमि शासकीय है और नगर पालिका द्वारा कोई अनुमति भी जारी नहीं की गई है, तो फिर सरकारी जमीन पर यह कार्य किसके संरक्षण में और किस आधार पर चल रहा है?



टूटी हुई बाउंड्रीवाल।

### जल्द होगी कार्यवाही

जब इस विषय की जानकारी कटघोरा तहसीलदार सूर्यकांत केशकर को मिली तो उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी उन्हें नही थी, अब जानकारी मिली है तो इस पर जांच कार्यवाही जल्द की जाएगी, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नही होने दिया जाएगा।

-सूर्यकांत केशकर
तहसीलदार कटघोरा

### प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

नगर क्षेत्र में शासकीय भूमि पर इस तरह खुलेआम गतिविधियां संचालित होना प्रशासनिक निगरानी व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। राजस्व विभाग और नगर पालिका परिषद की जानकारी के बिना इतने बड़े स्तर पर कार्य होना संभव नहीं माना जा रहा है। ऐसे में स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं न कहीं संबंधित विभागों की उदासीनता या मिलीभगत के कारण सरकारी जमीन को नुकसान पहुंचाने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा। अब देखना होगा कि इस मामले में जिला प्रशासन और संबंधित विभाग कब तक कार्रवाई करते हैं। सरकारी भूमि की सुरक्षा, मुक्तिधाम की संपत्ति को हुए नुकसान और आरसीसी सड़क की क्षति के मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या फिर यह मामला भी अन्य अतिक्रमण मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाता

## कैच द रैन में नगर निगम के उत्कृष्ट कार्य की पीएम ने मन की बात में की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने देशव्यापी इस सफलता का श्रेय उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के कुशल मार्गदर्शन व नगरीय निकाय मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देशन को देते हुए निगम की पूरी टीम शुभकामनाएं दी है। निगम के पार्षदगण, नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम जनता के जागरूकता के कारण ही यह संभव हो सका है।

देशव्यापी कैच द रेन अभियान के हिस्से के तौर पर आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान (एनआईयूए) के सहयोग से, अमृत के तहत उथले जलभृत प्रबंधन (एसएएम) कार्यक्रम को लागू करने वाले 75 शहरों के साथ एक राष्ट्रीय वार्ता का आयोजन किया था इस कार्यक्रम ने भाग लेने वाले शहरों को अपनी प्रगति साझा करने, बेहतरीन तौर-तरीकों का आदान-प्रदान करने और शहरी जल सुरक्षा को मजबूत करने के मकसद से पूरे किए गए भूजल पुनर्भरण कार्यों को प्रदर्शित किया। एसएएम कार्यक्रम शहरों को वैज्ञानिक तरीकों से योजना और तकनीकी मदद के ज़रिए भूजल रिचार्ज को बेहतर बनाने में मदद करता है। इस कार्यक्रम के तहत, 75 शहर रिचार्ज के कई तरीके अपना रहे हैं, जैसे रिचार्ज शाफ्ट, इंजेक्शन वेल, चेक डैम, गैबियन वॉल, गोलाकार खाल और मॉड्यूलर रिचार्ज पिट। ये तरीके टिकाऊ वर्षा जल संचयन, जलभृत को फिर से भरने और जलवायु के प्रति बेहतर क्षमता बनाने में योगदान देते हैं। देश के कई शहरों ने इस कार्यक्रम के तहत अच्छे नतीजों के बारे में जानकारी दी। निगम ने अपने सैम हस्तक्षेप की सफलता के बाद 95 अन्य बंद पड़े बोरवेलों को फिर से चालू करने की योजना की घोषणा की जिस पर सफलता की ओर बढ़ भी रहे है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बंजारी गांव....

इस लोनर हाथी ने गांव के एक मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया और पास ही स्थित एक स्कूल के दरवाजे को भी बुरी तरह नुकसान पहुंचाया है। राहत की बात यह रही कि समय पर रेस्क्यू होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। कटघोरा वन मंडालाधिकारी कुमार निशांत खुद इस लोनर हाथी की पल-पल की मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं। उनके निर्देशन में हाथी की विशेष ट्रैकिंग की जा रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जान-माल का कोई और नुकसान न होने पाए।

### सर्पदंश से...

हड़कंप मच गया। तुरंत युवती नंदकुमारी धनवार को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत को देखते हुए चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742


DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003


भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नहीं होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी

आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छेटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष) ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष) एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745



## खबर संक्षेप

### राताखार के बजरंग चौक स्थित शिव मंदिर के पास धंसी सड़क

**कोरबा।** निगम के वार्ड क्रमांक-4 राताखार स्थित बजरंग चौक के समीप शिव मंदिर के पास सड़क पर बना गहरा गड्ढा स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण यह गड्ढा पूरी तरह पानी से भर जाता है, जिससे इसकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। परिणाम स्वरूप दोपहिया, चारपहिया और अन्य छोटे-बड़े वाहन चालक अनजाने में गड्ढे में उतर जाते हैं और वाहन फंसने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बारिश के मौसम में जलभराव के कारण सड़क और गड्ढे में अंतर दिखाई नहीं देता। विशेषकर रात के समय या तेज बारिश के दौरान यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार दोपहिया वाहन चालक संतुलन खोकर गिर चुके हैं, जबकि चारपहिया वाहनों के भी गड्ढे में फंसने की शिकायतें सामने आई हैं। इससे लोगों को अनावश्यक परेशानी के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र का प्रमुख आवागमन मार्ग है, जहां दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।

### कारगिल विजय दिवस पर शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ




**कोरबा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ कोरबा एवं जिला शतरंज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सीएसईबी ग्राउंड स्थित सीनियर क्लब में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ प्रातः 11 बजे हुआ। राष्ट्रभक्ति और खेल भावना से ओत-प्रोत इस आयोजन में जिले भर से 150 से अधिक बालक-बालिकाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव बंसल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष रोटेरियन विक्रम अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के अध्यक्ष रोटेरियन सतनाम सिंह मल्होत्रा ने की। मंच पर जिला शतरंज एसोसिएशन के एम.के. सोनी एवं आर.एन. विश्वकर्मा भी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं कारगिल के अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि संजीव बंसल ने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन, रणनीति और निर्णय क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। वहीं रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन सतनाम सिंह मल्होत्रा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर इस प्रकार की प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना है।

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत, तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया



**कोरबा।** मानिकपुर स्थित डीपरापारा में शनिवार शाम करीब 6 बजे एक दर्दनाक हादसे में 38 वर्षीय लवकुश साहू की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के समय क्षेत्र में बारिश हो रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, लवकुश साहू शाम के समय मोहल्ले में लगे बिजली के खंभे के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़े। मोहल्ले के लोग जब तक उन्हें बचाने के लिए पहुंचते, तब तक वह मौके पर ही दम तोड़ चुके थे। मृतक लवकुश साहू मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी वृंदा साहू और तीन बच्चे हैं। इस हादसे के बाद परिवार के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# हाई स्कूल भवन के साथ कन्या छात्रावास में भी बाउंड्रीवाल नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाई स्कूल भवन और कन्या छात्रावास जैसे संवेदनशील संस्थान बाउंड्रीवाल विहीन है। जिसके निर्माण को लेकर भेजे गए प्रस्ताव पर जनपद के द्वारा अमल नहीं किये जाने से अब तक दोनों संवेदनशील संस्थान बाउंड्रीवाल विहीन बने हुए हैं।

शिक्षण सत्र शुरू होने के पूर्व बाउंड्रीवाल विहीन स्कूलों की जानकारी मांगी गई थी। इसके तहत कुछ स्कूलों में बाउंड्रीवाल के काम स्वीकृत किए गए लेकिन इसके पहले भी कई कन्या आश्रम हाई स्कूल ऐसे हैं जिनके प्रस्ताव पर काम शुरू नहीं हुआ है। कोरबा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोरकोमा में कन्या आश्रम और हाई स्कूल बाउंड्रीवाल विहीन हैं। जिससे यहां निवासरत छात्राओं की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हाई स्कूल के पास होने लगता है। स्थिति तब बिगड़ती है जब जंगल से लगे होने के कारण जंगली जानवर भी पहुंच जाते हैं।

#### मामला ग्राम पंचायत कोरकोमा का

**खास बातें**

- सड़क किनारे संचालित हैं स्कूल और कन्या छात्रावास
- रात में रहता है असामाजिक तत्वों का डेरा



#### फिर मांगी गई बाउंड्रीवाल विहीन स्कूलों की जानकारी

बीते सप्ताह विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा विभाग से जिले में बाउंड्रीवाल विहीन स्कूलों की जानकारी मांगी है। ऐसे स्कूलों में जिनके लिए पूर्व में डीएमएफ से राशि स्वीकृत नहीं की गई है। उनका प्रस्ताव डीएमएफ की बैठक में रखा जाएगा और फिर से राशि जारी होगी।

#### जनदर्शन और सुशासन तिहार में भी दिया गया है आवेदन

स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में भी बाउंड्रीवाल को लेकर आवेदन दिया गया था। उन्होंने इसके लिए ग्रामीणों को आश्वासन भी दिया था। उनके आश्वासन के बाद भी विभागीय पहल नहीं की गई। इसके स्थानीय निवासियों ने सुशासन तिहार में भी इस समस्या को लेकर आवेदन दिया। जिला पंचायत सदस्य रेणुका राठिया ने भी इस समस्या को लेकर जिला प्रशासन को अवगत कराया था। लेकिन आज 7 माह हो चुके हैं बाउंड्रीवाल का काम नहीं हो सका है।

### पाली ब्लाक के केराझरिया और कपोट में रखे गए 40 से अधिक मवेशी

# एनएच सड़क से आवारा मवेशियों को हटाकर गोधाम में किया गया शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में चैतमा और पाली के बीच मडराने वाले आवारा मवेशियों को स्थानीय गौधाम में ले जाने का काम शनिवार से शुरू कर दिया गया है। फसलों की सुरक्षा और सड़क हादसों से बचाव के मद्देनजर दो दिन तक चली इस कार्रवाई के दौरान 40 से अधिक मवेशियों को कपोट और केराझरिया के गौधाम में रखा गया है।

**खास बात**

- हादसों और फसल की सुरक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

पाली और कटघोरा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क के किनारे लगी फसल और मवेशियों के मडराने से हुए हादसों को लेकर बीते दिनों कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आवारा मवेशियों को समीप में गौधामों में रखने के निर्देश दिए गए थे। जिले के कटघोरा, पाली, पोड़ी उपरोड़ा से एनएच 130 गुजरती है। इसमें सबसे ज्यादा हादसे पोड़ी उपरोड़ा, चोटिया और पाली और चैतमा के बीच हुए हैं। इन दोनों क्षेत्रों में आवारा मवेशियों का जमावड़ा भी बना रहता है। बीते सप्ताह भारी वाहन की चपेट में आने से 5 आवारा मवेशियों की मौत हो गई थी। इसके पूर्व आवारा मवेशियों से टकराने से वाहन चालक भी घायल हो चुके थे। इन सब हादसों के मद्देनजर आवारा मवेशियों को एनएच के समीप स्थित गौधामों में रखने का काम शुरू किया गया है। दो दिन में 40 से अधिक मवेशियों को कपोट और केराझरिया के गौधाम में रखा गया है। जिनकी जिम्मेदारी गौधाम का संचालन करने वाली समितियों को दी गई है। जिनके द्वारा मवेशियों के चारे पानी की व्यवस्था पंचायत के सहयोग से की जा रही है। शनिवार को पशु चिकित्सा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर एसएन मिश्रा के नेतृत्व में डॉ.यूके तंवर, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ.मोहन सेंडे एवं गौधाम के प्रभारी डॉ.वैष्णव के साथ आवारा मवेशियों को समितियों के सुपूर्द किया गया है।



ग्राम पंचायत कपोट के गौधाम में रखे गए आवारा मवेशी।

#### आवारा मवेशियों को हटाया जा रहा है

आवारा मवेशियों को 130 से हटाने का काम शुरू किया गया है। चैतमा, कटघोरा एवं पाली मार्ग से मवेशी हटाए जा रहे हैं। हादसों पर नियंत्रण रखने और फसलों को बचाने के उद्देश्य से स्थानीय लोगों ने भी मांग उठाया था। **-एसएन मिश्रा,** उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग

#### अगली कार्रवाई पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक में

विभाग के द्वारा एनएच 130 एवं स्टेट हाइवे के आसपास मंडराने वाले आवारा मवेशियों को हटाने का काम पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक में किया जाएगा। ऐसे मवेशियों को पोड़ी क्षेत्र के गौधामों में रखने की तैयारी की गई है। लेकिन अभी तक गोठान से गौधाम में बनाने की प्रक्रिया के दौरान किसी भी समिति ने गौधाम संचालन को लेकर जागरुकता नहीं दिखाई। परिणाम स्वरूप जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायत को ही मवेशियों को गौधाम में रखने और उनके चारे पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। जो पंचायत मद से कराया जाएगा।

# बलगी सब स्टेशन में हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने गार्ड को पीटा, मामला दर्ज



सब स्टेशन में घुसते नकाबपोश बदमाश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल बलगी सब स्टेशन में देर रात हुई डकैती की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाशों ने सब स्टेशन में घुसकर सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की और परिसर में रखे सामान को निशाना बनाया। सब स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरा में घटना की पूरी वारदात कैद हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।



घायल सुरक्षाकर्मी।

जानकारी के अनुसार शनिवार की रात नकाबपोश बदमाश हथियार लेकर एसईसीएल बलगी सब स्टेशन परिसर में घुस गए। सब स्टेशन में तैनात सुरक्षा गार्ड ने जब उन्हें रोका तो उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया और सब स्टेशन परिसर में मौजूद सामानों लेकर फरार हो गए। वहीं घायल सुरक्षा कर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस ने अज्ञात नकाबपोशों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खोजबीन में जुट गई है।

# न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सत्यानंद प्रसाद के द्वारा एक प्रकरण में दिए गए फैसले के आधार पर परिवादी चेतना सिंह ने अपनी ही माँ पुष्पा सिंह व भाई कुलदीप सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी है। बताया जाता है कि परिवादनी श्रीमती चेतना सिंह 30 वर्ष पति अजय कुमार निवासी मानिकपुर के पिता नवरतन सिंह एसईसीएल कर्मचारी डम्फर आपरेटर कुसमुंडा परिक्षेत्र में पदस्थ थे। जिसकी मौत वर्ष 2022 में हो गई थी। इसके पूर्व श्रीमती पुष्पा सिंह से दूसरा विवाह किया जिससे पुत्र कुलदीप सिंह इन दोनों माँ-बेटा के द्वारा नवरतन सिंह की पत्नी व नामिनी टिकैतीन बाई के नाम एसईसीएल की विभिन्न मदों की राशि को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर प्राप्त किया गया था जिसपर चेतना सिंह ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चेतना सिंह की रिपोर्ट पर पुष्पा सिंह और उसके पुत्र कुलदीप सिंह के खिलाफ धारा धारा 120 बी, 463,, 464, 467, 470, 471 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## कूड़े के पास दो मवेशियों की संदिग्ध मौत

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार मेन रोड स्थित पुराना बिंझवार आश्रम परिसर पर व्यापारियों के द्वारा कूड़ा कचरा सहित अन्य पदार्थ फेंककर कचरे का ढेर लगा दिया गया है। इसी कड़ी में रविवार की सुबह लगभग 5.30 बजे दो मवेशी आपस में लड़ रहे थे तथा कुछ देर बाद दोनों मवेशियों की मौत हो गई। मवेशियों की मौत पर आसपास के लोगों ने कहा कि दोनों मवेशी लड़ते हुए समीप से गुजरे विद्युत प्रवाह लाइन की चपेट में आए होंगे या फिर मवेशियों की मौत कचरे के ढेर में किसी विषैले जीव के काटने से हुई होगी। फिलहाल मामला पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मवेशी की मौत कैसे और किन परिस्थितयों में हुई होगी।

# राशि निकालकर अधूरा छोड़ दिया स्कूल भवन, पूर्व सरपंच पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत तिलकेजा में निर्माण कार्यों में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है।

**खास बात**

- मामला कोरबा ब्लाक के ग्राम पंचायत तिलकेजा का, जनपद सदस्य ने की शिकायत

जनपद सदस्य किशन लाल कोसले ने कलेक्टर को शिकायत सौंपकर पूर्व सरपंच कुलसिंह कंवर पर निर्माण कार्यों की राशि आहरित कर कार्य अधूरा छोड़ने तथा शासकीय राशि के कथित गबन का आरोप लगाया है। शिकायत में राशि की वसूली कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत के अनुसार वर्ष 2022 में स्वीकृत स्वामी आत्मानंद स्कूल रिनोवेशन कार्य के लिए स्वीकृत राशि का लगभग 80 प्रतिशत भुगतान निकाल लिया गया लेकिन निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं कराया गया। इसके कारण विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित होने का दावा किया गया है। आरोप है कि सरकारी राशि निकालने के बावजूद निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि विधायक मद से स्वीकृत मंच एवं परची (शेड) निर्माण कार्य की राशि भी आहरित कर ली गई लेकिन संबंधित निर्माण आज तक पूरा नहीं हुआ। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जनपद सदस्य किशन लाल कोसले ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, अधूरी योजनाओं की वास्तविक स्थिति का सत्यापन कराया जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो पूर्व सरपंच से शासकीय राशि की वसूली करते हुए नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा सहित विभिन्न अधिकारियों को भी भेजी गई है।

## नाले में मछली पकड़ने गए अधेड़ की बहने से मौत

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत श्याम नगर में एक 45 वर्षीय व्यक्ति पास के नाले में मछली पकड़ने गया था। मछली पकड़ने के दौरान पानी के तेज बहाव में बह गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, श्याम नगर निवासी राजकुमार खैरवार 45 वर्ष पिता निर्मल खैरवार पास ही स्थित नाले में मछली पकड़ने गया हुआ था। इसी दौरान नाले में पानी का बहाव अचानक तेज हो गया, जिसकी चपेट में आने से राजकुमार खुद को संभाल नहीं सका और पानी के तेज धारा में बह गया।

हरिभूमि नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की पाली में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा
मो. 7581808267, 7049267780

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### जलभराव और लापरवाही से बिगड़ रहे हालात

# कटघोरा के मुख्य मार्ग पर बढ़ता गड्ढा बना परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर महाबली स्टोर्स के सामने सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। सड़क पर बने गड्ढे और जलभराव के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में यह छोटा गड्ढा एक बड़े और खतरनाक गड्ढे का रूप ले सकता है।

जानकारी के अनुसार सड़क पर लंबे समय से पानी जमा होने की समस्या बनी हुई है। बारिश के दौरान यह समस्या और विकराल हो जाती है, जिससे सड़क की ऊपरी परत तेजी से उखड़ रही है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है और आवागमन में बड़ी बाधा उत्पन्न होगी। इस समस्या के पीछे सड़क किनारे संचालित कुछ व्यापारियों की लापरवाही भी सामने आ रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कई लोग अपनी चार पहिया वाहनों की धुलाई सड़क किनारे ही करते हैं। धुलाई का पानी सीधे सड़क पर बहकर जमा हो जाता है, जिससे सड़क की सतह लगातार कमजोर होती जा रही है। जलभराव के कारण डामर उखड़ रहा है और गड्ढे दिन-ब-दिन गहरे होते जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस संबंध में नगर पालिका को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। न तो जल निकासी की व्यवस्था सुधारी गई और न ही क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत की गई। इससे लोगों में नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ रही है। राहगीरों और वाहन चालकों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बारिश के मौसम में दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाएगी। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक खतरा बना हुआ है, क्योंकि जलभराव के बीच गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका और संबंधित विभाग से मांग की है कि महाबली स्टोर्स के सामने क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा सड़क पर वाहन धुलाई कर जलभराव की स्थिति पैदा करने वालों के खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



जर्जर सड़क।

